शिक्षा विभाग

(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

स्थानीय निकाय सक्षमता परीक्षा, 2024 (प्रथम) के सफल अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु **दिनांक 13.09.2024** तक सम्पन्न Counselling के उपरान्त कतिपय कारणों से सभी प्रमाण पत्रों का सत्यापन नहीं होने वाले अभ्यर्थियों के लिए

<u>आवश्यक सूचना</u>

एतद् द्वारा सभी संबंधितों को सूचित किया जाता है कि स्थानीय निकाय सक्षमता परीक्षा, 2024 (प्रथम) के सफल अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों के सत्यापन हेतु राज्य के सभी जिलों में दिनांक 13.09.2024 तक Counselling की गई। इस Counselling के दौरान ऐसे शिक्षक अभ्यर्थी, जिनका बायोमेट्रिक सत्यापित हुआ, परन्तु कतिपय कारणो यथा **नाम में अन्तर, जन्म तिथि में अन्तर, आधार संख्या की गलत प्रविष्टि** इत्यादि कारणों से आधार सत्यापन नहीं हो पाया है, वे **दिनांक 04.11.2024 तक** नाम, जन्म तिथि, लिंग, आधार संख्या एवं मोबाईल नं0 में परिवर्तन हेतु अपने पदस्थापन जिला के जिला ि क्षा पदाधिकारी को आवेदन दे सकते हैं। उक्त आवेदन के आधार पर संबंधित जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा सं ोधित नाम, जन्म तिथि, लिंग, आधार संख्या एवं मोबाईल नं0 की प्रविष्टि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के Website (https://admin.bsebsakshamta. com/login) पर किया जायेगा एवं अभ्यर्थी द्वारा दिये गये आवेदन को अपलोड करना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी द्वारा पूर्व में आवेदन भरते समय अंकित किये गये नाम, जन्म तिथि, लिंग, आधार संख्या एवं मोबाईल नं0 Software में यथावत रहेगा और इस पर किसी प्रकार की Overwriting नहीं की जायेगी। इस प्रक्रिया के सम्पन्न होने के उपरान्त संबंधित शिक्षक अभ्यर्थी का बायोमेट्रिक सत्यापन भी कराया जायेगा। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा की गई कार्रवाई का सत्यापन Software के माध्यम से संबंधित जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा।

2. दिनांक 13.09.2024 तक जिलों में सम्पन्न Counselling के दौरान जिन शिक्षक अभ्यर्थियों का एक या एक से अधिक प्रमाण पत्र संदिग्ध पाया गया है, ऐसे शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए सही प्रमाण पत्र अपलोड करने हेतु बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा Software में विकल्प प्रदान किया गया है।

अतः संबंधित शिक्षक अभ्यर्थी अपने Login ID एवं Password के माध्यम से बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के Website (https://www.bsebsakshamta.com/login) पर सभी सही प्रमाण पत्र दिनांक 09.11.2024 तक अपलोड कर सकते हैं।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना

PR- 011550 (Education) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।